ओजोन परत को क्षति पहुंचाने वाले प्रदूषणकारी तत्व

1057. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ओजोन परत को क्षति पहुंचाने वाले मुख्य प्रदूषणकारी तत्व कौन-कौन से हैं;

(ख) क्या उनके बारे में कोई समीक्षा करवाई गई है; और

(ग) इसके रोकथाम के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि क्लोरोफ्लूरोकार्बन्स तथा मांट्रियल प्रोटोकोल के तहत "नियंत्रित पदार्थों" के रूप में परिभाषित अन्य पदार्थ, जैसे कार्बन टेट्राक्लोराइड, मिथाइल क्लोरोफार्म, हाइड्रोक्लोरोफ्लूरोकार्बन तथा मिथाइल ब्रोमाइड ही समतापमंडल की ओजोन परत के क्षीण होने के लिए मुख्यत: उत्तरदायी हैं।

(ख) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम तथा विश्व मौसमविज्ञान संगठन ने अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से ओजोन के क्षीण होने के संबंध में 1991 में एक वैज्ञानिक मूल्यांकन प्रकाशित किया है। इस मूल्यांकन के आधार पर, मांट्रियल प्रोटोकोल के पक्षकार देशों ने आवश्यक कदम उठाए हैं, जैसे नियंत्रित पदार्थों के रूप में नए पदार्थों को शामिल करना और मौजूदा नियंत्रित पदार्थों को धीरे-धीरे समाप्त करने के कार्यक्रम में और तेजी लाना।

(ग) ओजोन परत की सुरक्षा के लिए किए जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए भारत ने लंदन में जून, 1992 में यथासंशोधित मांट्रियल प्रोटोकोल पर हस्ताक्षर किए हैं।

औद्योगिक विकास विभाग, उद्योग मंत्रालय ने भारत के संबंध में मांट्रियल प्रोटोकोल के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने हेतु एक कृत्यक बल का गठन किया है। संबंधित उद्योग के परामर्श से तैयार किया जाने वाला कंट्री कार्यक्रम भी तैयार किया जा रहा है, जिसमें देश में ओजोन को क्षीण करने वाले पदार्थों का उत्पादन तथा इस्तेमाल करने वाले प्रत्येक मुख्य क्षेत्र हेतु बहुपक्षीय निधि से सहायता लेने के लिए प्रस्तुत की जाने वाली परियोजनाओं की किस्मों का ब्यौरा होगा।

1058. [*Transferred to 13th May, 1993*]

Mishaps due to Gas/Chemicals Leakage

@1059. SHRI SATISH PRADHAN : Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state.

(a) what is the number of mishaps in and around plants using/producing chemicals due to leakage of chemicals or gas, generated by the chemicals during the last 3 years, State-wise and year-wise;

(b) the number of mishaps involving carriers of gas and chemicals, during the last 3 years, State-wise and year-wise; and

(c) whether Government would consider for bringing a bill to award compensation to affected persons in line with Bhopal Gas victims ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH) : (a) and (b) Six accidents in and around plants using/producing chemicals due to leakage of chemicals or gas, generated by the chemicals and one accident involving carrier of gas occurred, as detailed below during the last 3 years as per reports received from States/UTs.

@Previously unstarred Question No. 588, transferred from 29-4-93.